आरबीई सं.94/2022

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय/MINISTRY OF RAILWAYS
(रेलवे बोर्ड) (RAILWAY BOARD)

Azadi Ka Amrit Mahotsav

सं. 2022/ई(डब्ल्यू)/06/03/1 **नई दिल्ली, दिनांक 11.08.2022**

महाप्रबंधक (कार्मिक)
सभी भारतीय रेलें।

विषय: 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सम्मानित करने के लिए आमंत्रित सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को प्रथम श्रेणी 'ए' मानार्थ 'ऐडमिन' चेक पास जारी करने के सम्बन्ध में।

संदर्भ: (i) दक्षिण रेलवे का दिनांक 08.08.2022 का पत्र सं. पी(डब्ल्यू)378/आईआरसीसी/2021-22.
(ii) बोर्ड का दिनांक 27.10.2021 एवं 28.07.2022 का पत्र सं. ई(जी)2021/सीएल-4/1पार्ट.

दक्षिण रेलवे ने उक्त संदर्भ (i) में उल्लिखित अपने पत्र के तहत बोर्ड के उक्त संदर्भ (ii) में उल्लिखित पत्रों के अनुसार 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किए गए सेवानिवृत्त रेल सेवकों को पास सुविधा प्रदान करने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है।

2. इस संदर्भ में निम्नानुसार पास सुविधा प्रदान करने के लिए सक्षम प्राधिकारी ने अनुमोदन प्रदान किया है:-

"प्रथम श्रेणी 'अ' मानार्थ 'एडमिन' चेक पास एक सहचर सहित जो राजधानी/शताब्दी/दुरंतो एक्सप्रेस प्रकार की गाड़ियों सहित सभी गाड़ियों में 2-AC श्रेणी में यात्रा हेतु वैध या यदि उच्च हो तो सेवोत्तर मानार्थ पास पात्रता के अनुसार, वर्तमान निवास स्थान के स्टेशन से सम्मान समारोह के स्टेशन तक जाने और वापस आने के लिए। इस पास की वैधता जारी करने की तारीख से 15 दिन तक होगी"।

3. तदनुसार पास जारी करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए।

4. इसे रेल मंत्रालय के वित्त निदेशालय की सहमति से जारी किया जा रहा है।

वी. मुरलीधरन

(वी. मुरलीधरन)
उपनिदेशक, स्थापना (कल्याण)-I
रेलवे बोर्ड
ई-मेल: ddew1@rb.railnet.gov.in
फोन: 011-23047203

प्रतिलिपि प्रेषित:

(i) ईडीपीएम/रेलवे बोर्ड
(ii) पीसीसीएम/ सभी भारतीय रेलें
(iii) निदेशक (जीए)/रेलवे बोर्ड

} फील्ड अधिकारियों को कृपया लाभार्थियों की सुगम यात्रा के लिए उक्त सुविधा के बारे में उपयुक्त सूचना दी जाए।